मुख्य कार्यक्रम एवं उपलब्धियां

(अगस्त -2021)

*****

अगस्त, **2021** महीने की संक्षिप्त रिपोर्ट निम्नवत् है:

1. **फ्लैगशिप कार्यक्रमों की प्रगति:**

**1.1.** लगभग 1.5 लाख आयुष्मान भारत-स्वास्थ्य एवं आरोग्य केन्द्रों (एबी-एचडब्ल्यूसी) को अनुमोदित किया जा चुका है। इनमें से 27.08.2021 तक 77,625 स्वास्थ्य एवं आरोग्य केन्द्र क्रियाशील हो चुके हैं।

2. **राष्ट्रीय तथ्य पत्रक ग्लोबल युवा तम्बाकू सर्वेक्षण (जीवाईटीएस-4)**

2.1 माननीय केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री द्वारा 10 अगस्त, 2021 को राष्ट्रीय तथ्य पत्रक ग्लोबल युवा तम्बाकू सर्वेक्षण (जीवाईटीएस-4), भारत, 2019 जारी किया गया था।

2.2 ग्लोबल युवा तम्बाकू सर्वेक्षण (जीवाईटीएस-4) के चौथे चरण का आयोजन 2019 में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के अधीन अन्तरराष्ट्रीय जनसंख्या विज्ञान संस्थान (आईआईपीएस) द्वारा किया गया था। सर्वेक्षण को राज्य स्तर तथा संघ राज्य क्षेत्र स्तर पर 13-15 वर्ष की आयु के स्कूल जाने वाले बच्चों में तम्बाकू के उपयोग के राष्ट्रीय अनुमान तैयार करने के लिए किया गया था। जीवाईटीएस-4 के प्रथम तीन चरण वर्ष 2003, 2006 एवं वर्ष 2009 में आयोजित किए गए थे। यह पहली बार है कि जीवाईटीएस-4 13-15 वर्ष की आयु समूह के स्कूल जाने वाले बच्चों में तम्बाकू के उपयोग की व्यापतता के राज्य/संघ राज्य क्षेत्र स्तर के अनुमानों को भी उपलब्ध कराया जा रहा है।

2.3 राष्ट्रीय तथ्य पत्रक को https://ntcp.nhp.gov.in/assets/document/National_Fact_Sheet_of_fourth_round_of_Global_Youth_Tobacco_Survey_GYTS-4.pdf से प्राप्त किया जा सकता है।

2.4 दिनांक 24 अगस्त, 2021, के अ.शा.पत्र के माध्यम से माननीय केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री ने माननीय शिक्षा मंत्री से स्कूलों में युवा बच्चों में तम्बाकू के उपयोग पर नियंत्रण लगाने हेतु समुचित उपाय करने के लिए अनुरोध किया है।

2.5 दिनांक 14 अगस्त, 2021 के अ.शा पत्र के माध्यम से सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने जीवाईटीएस-4 के राज्य स्तरीय आंकड़ें जारी करने तथा सीओटीपीए,2003 के प्रावधानों एवं तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान (टीओएफईआई) दिशानिर्देशों के कार्यान्वयन हेतु प्रवर्तन उपाय करने के संबंध में सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के राज्य स्वास्थ्य विभागों से अनुरोध किया है।

2.6 राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम (एनटीसीपी) क्रियाकलापों के लिए माननीय केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री द्वारा एक ऑनलाइन रिपोर्टिंग तंत्र/प्रबंधन सूचना प्रणाली (एमआईएस) लॉच की गई। यह एमआईएस राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के कार्यान्वयन को ट्रैक करने में सहायता करेगी तथा वास्तविक समय आंकड़ों का सृजन करेगी जो तम्बाकू नियंत्रण उपायों के तीव्र विश्लेषण में सहायक होंगे।

## 3. विविध

3.1 ''टीबी मुक्त भारत अभियान'' की प्रगति के संबंध में माननीय केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री की अध्यक्षता में 5 अगस्त, 2021 को सभी विकास भागीदारों के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया।

3.2 भारत में 2025 तक टीबी का उन्मूलन करने में सभी माननीय संसद सदस्यों का सहयोग तथा समर्थन हासिल करने हेतु उनके लिए दिनांक 09 अगस्त, 2021 को टीबी जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता श्री एम.वैंकयानायडु, माननीय

सभापति राज्य सभा द्वारा तथा सह-अध्यक्षता श्री ओम बिड़ला, माननीय अध्यक्ष, लोक सभा द्वारा की गई।

3.3 1-7 अगस्त, 2021 तक सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में 'विश्व स्तनपान सप्ताह' का आयोजन किया गया।

3.4 आज़ादी का अमृत महोत्सव के तत्वाधान में न्यू इंडिया @75 के विकास में सहयोग देने के लिए, राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन (नाको) द्वारा एचआईवी/एड्स, टीबी के संबंध में जागरूकता अभियानों की शुरूआत करने तथा अन्तरराष्ट्रीय युवा दिवस, 12 अगस्त, 2021 को स्वैच्छिक रक्तदान करने हेतु एक वर्चुअल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इन जागरूकता अभियानों का आयोजन किशोरों तथा युवाओं के बीच आयु-समुचित जानकारियों का प्रचार-प्रसार करने के लिए स्कूलों में तथा कॉलेजों में गठित किए गए रेड रिबन क्लबों द्वारा किया जा रहा है। माननीय केन्द्रीय मंत्री, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय और माननीय राज्य मंत्री, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने इस लॉच कार्यक्रम में भाग लिया। देश भर के स्कूलों और कॉलेजों से 1,23,000 से अधिक छात्रों ने भिन्न-भिन्न वर्चुअल प्लेटफार्मों के माध्यम से इस कार्यक्रम में भाग लिया।

****